1	2	3	4	5	6
ऊत्तर पूर्वी :					
1.	आन्ध्र प्रदेश	20.95	12.86	0.00	33.81
2.	असम	2.00	575.19	0.00	570.19
3.	मणिपुर	2.60	9.41	0.00	12.01
4.	मेघालय	186.71	7.05	0.00	193.76
5.	मिजोरम	3.36	19.07	0.00	22.43
6.	नागालैण्ड	3.20	3.62	0.00	6.82
7.	त्रिपुरा	16.01	37.35	0.00	53.36
8.	केन्द्रीय क्षेत्र (उ० पू० क्षेत्र) . . .	255.01	0.00	0.00	255.01
	जोड़ (उ. पू. क्षेत्र) . . .	489.84	664.55	0.00	1154.30
द्वीपसमूह :					
1.	अण्डेमान एवं निकोबार द्वीपसमूह . . .	0.00	28.03	0.00	28.03
2.	लक्षद्वीप	0.00	5.12	0.00	5.12
	जोड़ (द्वीपसमूह)	0.00	33.15	0.00	33.15
	केन्द्रीय क्षेत्र :	1814.01	19415.50	2005.00	23234
	राज्य क्षेत्र	18257.90	32270.10	0.00	50528.00
	निजी क्षेत्र	294.00	2661.70	0.00	2955.70
	(रा. क्षे.+नि. क्षे.) . . .	18551.90	34931.80	2005.00	53483.03
	अखिल भारत	20365.91	54347.30	2005.00	76718.02
	जोड़ का प्रतिशत	26.55	70.84	2.61	100.00

महाराष्ट्र की विद्युत परियोजनाओं के लम्बित प्रस्ताव

4525. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन :** क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) महाराष्ट्र में नयी विद्युत परियोजनाओं की स्थापना हेतु विचाराधीन उन प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है जो केन्द्रीय सरकार के पास स्वीकृत के लिए लम्बित पड़े हुए हैं;

(ख) केन्द्रीय सरकार ने इन प्रस्तावों के सम्बन्ध में अब तक क्या कार्यवाही की है;

(ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना में शामिल किए गए ऐसे प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार इन परियोजनाओं को स्वीकृति देने हेतु कोई न्यूनतम समय-सीमा निर्धारित करने का विचार रखती है; और

(ङ) यदि हां, तो ततसम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू) : (क) से (ग) ब्यौरे नीचे दिये गये हैं:-

क्र सं०	परियोजना का नाम	स्थिति
1.	भिवपुरी पम्पड़ स्टोरेज,	यद्यपि यह स्कीम तकनीकी आर्थिक दृष्टिकोण से के० वि० प्रा० द्वारा मई, 91 में सही पाई गई थी लेकिन कृष्णा नदी के जल के पश्चिम की ओर विपथन के संबंध में महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश और कर्नाटक के बीच कोई समझौता न होने के कारण इसे स्वीकृत नहीं किया गया ।
2.	चिकलधारा पम्पड़ स्टोरेज स्कीम (4× 100 मे०वा०)	यह स्कीम राज्य सरकार द्वारा तकनीकी-आर्थिक स्वीकृति के लिए के० वि० प्राधिकरण को भेजी गई थी, जिन्होंने राज्य सरकार से अनेक स्पष्टीकरण मांगे हैं ।

क्र० सं०	परियोजना का नाम	स्थिति
3.	बार्ज माउंटेड पावर प्लांट (110 मे० वा०) दभोल के समीप	महाराष्ट्र राज्य सरकार ने इन परियोजनाओं को निजी क्षेत्र में क्रियान्वित करने के लिए तकनीकी-आर्थिक स्वीकृति हेतु के० वि०प्रा०को प्रेषित किया था।
4.	दभोल सीसीजीटी (2015 मे० वा०)	दभोल और खापरखेड़ा परियोजनाओं को के० वि० प्रा० की स्वीकृति कुछ शर्तों के अधीन "सिद्धांत रूप" में प्रदान कर दी गई है।
5.	खापरखेड़ा टीपीएस (2×210मे०वा०) यूनिट 5 एवं 6	
6.	भुसावल (बी) टीपीएस (2×500 मे० वा०)	यह स्कीम राज्य सरकार द्वारा के० वि० प्रा० को तकनीकी-आर्थिक स्वीकृति प्रदान करने हेतु प्रेषित की गई है।

ऊपर सूचीबद्ध परियोजनाओं को आठवीं पंचवर्षीय योजना के क्षमता अभिवृद्धि कार्यक्रम में शामिल नहीं किया गया है। तथापि, दभोल सीसीजीटी से लाभों की प्राप्ति आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान होने की आशा है।

(घ) और (ङ) विद्युत् स्कीमों को तकनीकी आर्थिक स्वीकृति प्रदान किया जाना विभिन्न निर्विष्टियों की उपलब्धता, अन्य मंत्रालयों/अभिकरणों से कुछ सांविधिक और अन्य स्वीकृतियां तथा परियोजना प्राधिकारियों से अपेक्षित उत्तर/स्पष्टीकरणों की समय पर प्रस्तुति पर निर्भर करता है।

Rural Electrification

4526. SHRI ANANTRAY DEVSHANKER DAVE : Will the Minister of POWER be pleased to refer to answer to Unstarred Question 140 given in the Rajya Sabha on 22nd February, 1994 and state :

(a) whether the number of villages electrified is less than the target fixed ;

(b) if so, the details, together with the reasons therefor; and

(c) the target fixed for the purpose during the Eighth Five Year Plan and the achievement made so far ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF POWER (SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU) : (a) On all-16—10 RSS(ND)/95 India basis, the number of villages electr* fied during the 7th Five Year Plan, under REC schemes, had exceeded the targets. However, there were shortfalls in achievement in the targets, in respect of certain states.

(b) Details are given in the Annexure *[See* Appendix No. 170, Annexure No. 88].

(c) The 8th Five Year Plan envisages electrification of 50,000 villages (including 10,000 villages through Non-conventional Sources). Targets and achievements during the first two years of the 8th Five Year Plan are given below :

Year	Target	Achievement
1992-93	4240	3669
. 1993-94	3210	2569 (provisional)
.		

विद्युत् उत्पादन क्षमता में वृद्धि किया जाना

4527. श्री राम जेठमलानी : क्या विद्युत् मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान विद्युत् उत्पादन क्षमता में 30538 मे० वा० की वृद्धि किए जाने के लक्ष्य निर्धारित किया गया है;

(ग) यदि हाँ, तो क्या उक्त लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ऐसी परियोजनाओं की स्थापना हेतु आवश्यक धनराशि का आवंटन भी किया गया था;

(ग) यदि हाँ, तो इस सम्बन्ध में किए गए आवंटन का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या यह सच है कि अतिरिक्त विद्युत् उत्पादन क्षमता स्थापित करने के लिए निर्धारित लक्ष्य 1991-92, 1992-93 और 1993-94 के दौरान प्राप्त नहीं किए जा सके;

(ङ) यदि हाँ, तो उपरोक्त वर्षों के दौरान प्राप्त किए गए लक्ष्य के प्रतिशत का वर्षवार ब्यौरा क्या है; और

(च) निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उपर्युक्त वर्षों के दौरान आवंटित धनराशि में वर्षवार कितने प्रतिशत धनराशि खर्च की गई ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० वी० रंगैय्या नायडू) : (क) से (ग) आठवीं योजना अवधि के लिए क्षमता अभिवृद्धि लक्ष्य 30537.7 मे० वा० का है। आठवीं योजना के लिए, उत्पादन